5. **कविता में प्रयुक्त 'श्यामल' का अर्थ क्या है?**
a. हरी भरी b. उजला
c. पीला d. नीला

6. **'नभ' का पर्यायवाची होगा?**
a. बादल b. आकाश
c. धरती d. जमीन

7. **'चिर निर्मल' का क्या अर्थ है?**
a. बहुत स्वच्छ b. बहुत गंदा
c. सड़ा d. विकृत

8. **'नील फलक' का क्या अर्थ है?**
a. नीला आकाश b. नीला फल
c. नीला फूल d. नीली धरती

9. **'वसुधा' का क्या अर्थ है?**
a. धरती b. आकाश
c. पानी d. फूल

10. **किस पौधे का फल घुँघरू के समान लगता है ?**
a. अरहर, सनई b. आम
c. पीपल d. इनमें से कोई नहीं

11. **सरसों के फूलों से कैसी गंध आती है?**
a. खट्टी b. मीठी
c. तैलाक्त d. खराब

12. **कवि ने अलसी की कली को किस प्रकार का बताया है?**
a. नीलम जैसी b. सोना जैसा
c. पन्ना जैसी d. चाँदी जैसी

13. **मटर कैसी लग रही है ?**
a. सखियाँ b. दुश्मन
c. पड़ोसन d. बहन

14. **'छिमियाँ' का क्या अर्थ है?**
a. मटर b. सब्जी
c. सेम d. आलू

15. **'तितलियाँ' किन पर बैठ रही हैं ?**
a. फलों b. फूलों
c. घर d. पेड़

16. **आम मंजर कैसे लग रहे हैं?**
a. पन्ना जैसे b. नीलम जैसे
c. रजत स्वर्ण जैसे d. गुलाब जैसे

17. **कौन मतवाली हो उठी है?**
a. कोकिला b. भौंरा
c. चिड़िया d. बिल्ली

18. **'कोकिला' का क्या अर्थ है?**
a. कोयल b. कौआ
c. चील d. कबूतर

19. **'झरबेरी' का क्या अर्थ है?**
a. बेर b. आम
c. स्ट्रॉबेरी d. अनार

20. **'दाड़िम' का क्या अर्थ है?**
a. अनार b. आम
c. केला d. सेब

21. **'मुकुलित' का अर्थ क्या है?**
a. अधखिला b. पूरा खिला
c. सूखा हुआ d. मुरझाया

22. **लाल चित्तियाँ किस पर पड़ी है?**
a. आम b. अमरूद
c. केला d. अनार

23. **कौन से फल सुनहरे होकर पक गए हैं?**
a. बेर b. अनार
c. केला d. आम

24. **'तरु' का अर्थ क्या है?**
a. वृक्ष b. सड़क
c. फूल d. नदी

25. **इस कविता में टमाटर के लिए किस विशेषण का प्रयोग हुआ है?**
a. मखमली, लाल b.लहलह
c. महमह d. सुनहरे

26. **हरी थैली किसे कहा गया है ?**
a. मिरचों b. पत्तों
c. फूलों d. पेड़ों

27. **'चाँदी की-सी उजली जाली' में कौन सा अलंकार है?**
a. यमक b. अनुप्रास
c. उपमा d. उत्प्रेक्षा

28. **गंगा के बालू को क्या कहा गया है ?**
a. सतरंगी रेती b. रंगीन रेती
c. सुंदर रेती d. खराब रेती

29. **'तट' का पर्यायवाची शब्द क्या है?**
a. किनारा b. बीच
c. दूर d. गड्ढा

30. **'चित्तियाँ' का क्या अर्थ है?**
a. निशान b. सुशोभित
c. भद्दा d. काला

31. **'सरपत' का क्या अर्थ है?**
a. घास, तिनका b. वृक्ष
c. पौधा d. झाड़ी

32. **'सुरखाब' का क्या अर्थ है?**
a. चक्रवाक पक्षी b. कोयल
c. कौआ d. बाज़

33. **'पुलिन' का क्या अर्थ है?**
a. किनारा b. दायाँ
c. बायाँ d. दूर

34. **'मगरौठी' का क्या अर्थ है?**
a. पक्षी b. फल
c. फूल d. पेड़

© JCERT not to be republished

**35. 'हिम-आतप' का क्या अर्थ है?**
a. सर्दी की धूप b. बर्फीली हवा
c. सूर्य प्रकाश d. पिघला बर्फ

**36. 'निशि' का पर्यायवाची शब्द है?**
a. रात b. दिन
c. गोधूलि d. शाम

**37. 'तारक' किसे कहते हैं?**
a. तारे b. फूल
c. नाविक d. तारणहार

**38. 'नीलम' किसे कहते हैं?**
a. नीले रंग के कीमती पत्थर
b. काले रंग के पत्थर
c. पीले रंग के पत्थर
d. सफेद रंग के पत्थर

**39. 'आच्छादन' का क्या अर्थ है?**
a. छाना b. घिरना
c. भागना d. दूर जाना

**40. 'निरुपम' किसे कहते हैं?**
a. अनोखा b. बुरा
c. अच्छा d. गंदा

**41. हिमांत किसे कहते हैं?**
a. सर्दी की समाप्ति b. सर्दी की शुरुआत
c. सर्दी के बीच d. गर्मी

**42. 'स्निग्ध' किसे कहते हैं?**
a. स्नेह भरा b. कड़वा
c. तीखा d. मीठा

**43. 'जन' का पर्यायवाची शब्द होगा?**
a. लोग b. तुम
c. राम d. श्याम

**44. 'ग्राम श्री' कविता में ओस की बूँद को किसके जैसा बताया गया है ?**
a. सोने के जैसा b. रक्त के जैसा
c. मोती के जैसा d. चाँदी के जैसा

**45. सुमित्रानंदन पंत का जन्म कब हुआ?**
a. 1900 ई० b. 1901 ई०
c. 1902 ई० d. 1905 ई०

**46. सुमित्रानंदन पंत का जन्म किस स्थान पर हुआ?**
a. उत्तरांचल b. मध्य प्रदेश
c. उत्तर प्रदेश d. भोपाल

**47. किसके आहवान पर उन्होंने कॉलेज छोड़ दिया?**
a. महात्मा गाँधी b. बाल गंगाधर तिलक
c. गोखले d. कलाम

**48. 'पंत' की शिक्षा कहाँ हुई?**
a. बनारस, इलाहाबाद b. भागलपुर
c. कोलकाता d. दिल्ली

**49. सुमित्रानंदन पंत का निधन कब हुआ?**
a. 1977 ई० b. 1978 ई०
c. 1979 ई० d. 1980 ई०

**50. उनकी कविता का मुख्य स्वर क्या था?**
a. वीरता b. भक्ति
c. प्रकृति प्रेम d. देशभक्ति

**51. छायावाद के प्रमुख स्तंभों में कौन शामिल थे?**
a. सुमित्रानंदन पंत
b. रामनरेश त्रिपाठी निराला
c. यशपाल
d. प्रेमचंद

**52. पंत जी की रचना कौन-सी है?**
a. वीणा b. यामा
c. निहार d. रश्मि

**53. 'चिदंबरा' के लिए पंत जी को कौन-सा पुरस्कार मिला?**
a. ज्ञानपीठ b. साहित्य अकादमी
b. पद्मश्री d. पद्म भूषण

**54. 'लोकायतन' के लिए पंत जी को कौन-सा पुरस्कार मिला?**
a. साहित्य अकादमी
b. सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार
c. ज्ञानपीठ
d. पद्म भूषण

**55. किस कवि को 'शब्द शिल्पी' कहा जाता है ?**
a. प्रेमचंद b. सुमित्रानंदन पंत
c. यशपाल d. रेणु

**56. पंत जी को किस कृति के लिए 'साहित्य अकादमी' पुरस्कार मिला?**
a. लोकायतन b. कला और बूढ़ा चाँद
c. चिदंबरा d. वीणा

**57. अंधेरी रात में तारे कैसे दिखाई दे रहे हैं?**
a. स्वप्न में खोए b. आलस्य भरे
c. मुस्कुराते हुए d. जगमगाते हुए

**58. हरियाली हँसमुख क्यों लग रही है ?**
a. हिम आतप से b. बर्फ
c. शाम के कारण d. दिन के कारण

**59. लोगों के मन को कौन हरता है?**
a. गाँव की सुंदरता b. पेड़
c. पौधे d. तालाब

**60. 'हँस रही सखियाँ मटर खड़ी' में कौन सा अलंकार है?**
a. उपमा b. रूपक
c. यमक d. श्लेष

**61. 'मरकत डिब्बे का खुला ग्राम' में कौन सा अलंकार है?**
a. अनुप्रास b. उपमा
c. श्लेष d. अतिशयोक्ति

© JCERT not to be republished

62. **अलसी का फूल कौन से रंग का होता है?**
a. पीला b. सफेद
c. हरा d. नीला

63. **तितलियाँ देखने में कैसी लग रही है ?**
a. फूलों की तरह b. भंवरों की तरह
c. कागज की तरह d. मधु की तरह

64. **'अँवली' का क्या अर्थ है?**
a. छोटा आँवला b. आम
c. नीम d. अनार

65. **'हरना' किसे कहते हैं?**
a. आकर्षित करना b. लालच
c. हँसना d. देखना

66. **वृंत किसे कहते हैं?**
a. डंठल b. लकड़ी
c. कली d. फूल

67. **'सनई' क्या है?**
a. एक पौधा b. मिठाई
c. डंठल d. सोना

68. **'किंकिणी' का क्या अर्थ है?**
a. करधनी b. पायल
c. माला d. बाली

69. **किसकी पेटियाँ मखमली है?**
a. मटर b. चना
c. सेब d. बेर

70. **पालक कैसे दिखाई दे रहे हैं?**
a. लहलहाते हुए b. महमहाते
c. सुगंधित d. सुनहले

## बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. a, | 2. a, | 3. b, | 4. b, | 5. a, | 6. b, |
| 7. a, | 8. a, | 9. a, | 10. a, | 11. c, | 12. a, |
| 13. a, | 14. a, | 15. b, | 16. c, | 17. a, | 18. a, |
| 19. a, | 20. a, | 21. a, | 22. b, | 23. a, | 24. a, |
| 25. a, | 26. a, | 27. c, | 28. a, | 29. a, | 30. a, |
| 31. a, | 32. a, | 33. a, | 34. a, | 35. a, | 36. a, |
| 37. a, | 38. a, | 39. a, | 40. a, | 41. a, | 42. a, |
| 43. a, | 44. b, | 45. a, | 46. a, | 47. a, | 48. a, |
| 49. a, | 50. c, | 51. a, | 52. a, | 53. a, | 54. b, |
| 55. b, | 56. b, | 57. a, | 58. a, | 59. a, | 60. b, |
| 61. b, | 62. d, | 63. a, | 64. a, | 65. a, | 66. a, |
| 67. a, | 68. a, | 69. a, | 70. a | | |

## अतिलघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

1. **वसंत ऋतु आने पर प्रकृति में क्या परिवर्तन दिखाई देता है ?बताएँ ।**

**उत्तर-** वसंत ऋतु आने पर प्रकृति में चारों ओर परिवर्तन दिखाई देता है। चारों ओर हरियाली छा जाती है। मंद-मंद हवाएँ चलने लगतीं हैं वृक्षो में नए पत्ते व फल-फूल दिखाई देने लगते हैं।

2. **वसुधा श्यामल क्यों मालूम हो रही थी ?**

**उत्तर-** वसुधा श्यामल इसलिए मालूम हो रही थी क्योंकि खेतों में दूर-दूर तक हरियाली थी। रात में ओस की बूँदें गिरती हैं और जब सुबह उन पर सूर्य प्रकाश पड़ता है तो वह बहुत सुंदर और हरी-भरी दिखाई देती हैं।

3. **कवि ने मटर की सुंदरता का चित्रण किस प्रकार किया है ?**

**उत्तर-** कवि ने मटरों को रंग -बिरंग के फूलों से भरी हुई पेटियों में लटकते हुए दिखाया है।

4. **मखमली पेटियों में प्रकृति ने क्या छिपा रखा है?**

**उत्तर-** मखमली पेटियों में प्रकृति ने मटर के बीजों को छुपा रखा है।

5. **कवि ने आम के पेड़ों के सुंदरता का वर्णन कैसे किया है ?**

**उत्तर-** वसंत ऋतु के आते ही आम के पेड़ पर सोने और चाँदी जैसे दिखने वाले मंजर लग जाते हैं।

6. **पके हुए अमरूद किस प्रकार दिख रहे हैं?**

**उत्तर-** पके हुए अमरुद पक कर पीले हो गए हैं उन पर लाल-लाल निशान हो गए हैं यह अमरुद बहुत मीठे और स्वादिष्ट होते हैं।

7. **खेतों में लगी सब्जियों का कवि ने किस प्रकार चित्रण किया है ?**

**उत्तर-** खेतों में लगी सब्जियों का चित्रण कवि ने सुंदर ढंग से किया है। वे कहते हैं पालक लहलहा रहे हैं, धनिया महक रहे हैं, टमाटर लाल मखमल जैसी और मिर्च हरी थैली जैसी लग रही है।

8. **कविता में आँवला और बेर का चित्रण कवि ने किस प्रकार किया है ?**

**उत्तर-** आँवला से पेड़ों की डाल लद गई है। जंगल में बेर फल कर झूलने लगे हैं।

9. **बगुले गंगा तट पर क्या कर रहे हैं?**

**उत्तर-** बगुले गंगा के तट पर अपने पंजे रुपी कंघी से अपनी कलगी संवारने का काम कर रहे हैं।

10. **कविता में मगरौठी चिड़िया क्या कर रही है ?**

**उत्तर-** कविता में मगरौठी चिड़िया गंगा नदी के तट पर आराम से सो रही है।

© JCERT not to be republished

## लघु उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. खेतों की हरियाली को कवि ने सुख से अलसाई क्यों कहा है?**

**उत्तर-** वसंत ऋतु के आते ही सर्दी की ठंड कम हो जाती है। धूप तेज होने लगता है, दिन-रात सर्दी से ठिठुरती हुई खेतों की हरियाली गर्मी के कारण आलस्य दिखाने लगी है। इसी कारण कवि ने खेतों की हरियाली को सुख से अलसाई सी कहा है।

**2. कवि के अनुसार 'भीगी अँधियाली 'से क्या तात्पर्य है ?**

**उत्तर-** सर्दी के मौसम में प्रकृति के नियमानुसार ओस की बूँदे धरती पर गिरने लगती हैं। ये ओस की बूँदे रात के अंधेरे में पेड़-पौधों तथा समस्त प्रकृति को सराबोर करते हैं। इसी कारण कवि ने इसे भीगी अँधियाली कहा है ।

**3. कवि के अनुसार फसलों के हरे-भरे तिनकों में क्या झलकता दिखाई देता है और क्यों?**

**उत्तर-** कवि के अनुसार फसलों के हरे-भरे तिनकों में जब सूर्य की किरणें पड़ती है तो वह बहुत सुंदर चमकती हुई, हिलती-डुलती हुई हरे रंग के रक्त के समान दिखाई देती है इससे पौधों का स्वस्थ और खुशहाल रूप दिखाई देता है।

**4. कवि के अनुसार पृथ्वी क्या देखकर रोमांचित हो रही है?**

**उत्तर-** कवि के अनुसार पृथ्वी विभिन्न परिवर्तनों को देखकर रोमांचित हो रही है खेतों में गेहूँ और जौ की फसलों में बालियाँ निकल आई हैं। विभिन्न फसलों में भी विभिन्न प्रकार के फल-फूल निकल आए हैं।

**5. स्वच्छ नीला आकाश किस पर झुका हुआ मालूम होता है?**

**उत्तर-** कविता के अनुसार खेतों में दूर-दूर तक हरियाली फैली हुई है। जो देखने में बहुत सुंदर प्रतीत हो रही है। स्वच्छ नीला आकाश खेतों की हरियाली पर झुका हुआ सा दिखाई देता है।

## दीर्घ उत्तरीय प्रश्नोत्तर

**1. 'ग्राम श्री' कविता के आधार पर बताएं कि कवि ने मानवीकरण अलंकार का प्रयोग कैसे किया है ?**

**उत्तर-** कवि ने सजीव और निर्जीव तत्वों पर मानवीय भाव एवं मानवीय व्यवहार को आरोपित कर दिया है। पूरी कविता में मानवीकरण अलंकार दिखाई देता है। मटर को हँसती सखी के रूप में दिखाया गया है। बगुले को अपने पंजे रूपी कंघी से कलगी सँवारते दिखाया गया है तथा कविता में कई स्थानों पर प्रकृति का मानव के जैसे क्रियाकलाप करते हुए दिखाया गया है।

**2. कविता के आधार पर गंगा किनारे के सौंदर्य का चित्रात्मक वर्णन कीजिए?**

**उत्तर-** कवि शिक्षा प्राप्त करने के लिए बनारस व इलाहाबाद गए थे इसलिए वहाँ उन्होंने गंगा नदी और उसके किनारे की सुंदरता को बहुत ही निकटता से देखा था, वहाँ का सौंदर्य उनके मन में बस गया था। वसंत ऋतु आने पर प्रकृति में अपार सौंदर्य दिखाई दे रहे हैं। सभी पक्षी अपने-अपने कार्य में लगे हैं। जैसे मगरौठी चिड़िया तट पर सोई है। सुरखाब अर्थात चक्रवाक पक्षी पानी में तैर रहे हैं। बगुले पंजे रूपी कंघी से कलगी सँवार रहे हैं। किसान गंगा तट पर तरबूज की खेती करने लगे हैं।

**3. वसंत ऋतु में अधिकांश रूप में कौन-कौन सी सब्जियाँ और फल उगे हुए दिखाई देते हैं ?**

**उत्तर-** वसंत ऋतु में अनार, आड़ू ,अमरुद, बेर, जामुन इत्यादि फल पकने लगते हैं आम के पेड़ों में सुंदर मंजरियाँ लग जाती है। इस ऋतु में बहुत सारी सब्जियाँ भी उग जाती हैं जैसे गोभी, बैंगन ,मूली, आँवला, कटहल, आलू, पालक, धनिया, टमाटर, मिर्च आदि।

© JCERT not to be republished

# पाठ - 14 चंद्र गहना से लौटती बेर

## कवि परिचय

**केदारनाथ अग्रवाल**

**जन्म :-** सन् 1911 ई०

**स्थान :-** उत्तर प्रदेश

**मृत्यु :-** सन् 2000 ई०

**रचनाएँ :-** नींद के बादल, युग की गंगा ,फूल नहीं रंग बोलते हैं आदि।

**पुरस्कार :-** सोवियत लैंड नेहरू पुरस्कार साहित्य अकादमी पुरस्कार। भाषा- हिंदी

## पाठ परिचय

'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में कवि का प्रकृति के प्रति बड़ा ही गहरा प्रेम व्यक्त हुआ है। वे चंद्र गहना नामक स्थान से लौट रहे हैं। लौटने के समय उनके मन को खेत खलिहान और प्रकृति का सौंदर्य आकर्षित करता है। वह साधारण वस्तुओं में भी असाधारण सौंदर्य को देखते हैं।

## पाठ्य-पुस्तक के प्रश्नोत्तर

**1. 'इस विज़न में...अधिक है' पंक्तियों में नगरीय संस्कृति के प्रति रुचि का क्या आक्रोश है और क्यों?**

**उत्तर-** इन पंक्तियों में कवि का आक्रोश नगरीय जीवन और नगरीय संस्कृति के प्रति है। नगरों में प्रेम, प्राकृतिक सुंदरता, मानवता आदि चीजें लुप्त होती जा रही है। इनके लुप्त होने का कारण है कि मनुष्य आत्म केंद्रित होने लगा है। आगे बढ़ने के चक्कर में वह अपने तक ही सिमट कर रह जा रहा है।

**2. सरसों को 'सयानी' कहकर कवि क्या कहना चाहता होगा?**

**उत्तर-** सरसों को 'सयानी 'कहकर कवि यह कहना चाहते हैं कि सरसों के पौधे अब बड़े हो गए हैं उसमें सुंदर फूल-फल निकलने लगे हैं। दूसरी तरफ कवि इस ओर संकेत करते हैं कि सयानी होने पर लड़कियों का विवाह कर दिया जाता है और इसलिए वे सरसों के स्वयंवर की बात कहते हैं।

**3. अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए।**

**उत्तर-** इस कविता में कवि ने अलसी को एक सुंदर नायिका के रूप में चित्रित किया है। उसका मन अत्यंत चंचल है। उसका मन अपने प्रियतम से मिलने को आतुर रहता था। प्रथम स्पर्श करने वाले को वह अपना हृदय दान कर देगी।

**4. अलसी के लिए 'हठीली 'विशेषण का प्रयोग क्यों किया गया है ?**

**उत्तर-** अलसी के लिए हठीली विशेषण का प्रयोग इसलिए किया गया है क्योंकि अलसी चने के पौधे से सटकर उगी है और दोनों पौधों के मन में विकास को लेकर प्रतिस्पर्धा का भाव है। अलसी मानों चने के पौधों के बीच-बीच में उगने का हठ कर रही है

**5. 'चाँदी का बड़ा-सा गोल खंभा' में कवि की किस सूक्ष्म कल्पना का आभाष मिलता है?**

**उत्तर-** तालाब के जल में सूर्य की किरणें पड़ रही हैं और वे ऐसी दिखाई दे रही है जैसे पानी के नीचे चाँदी का बड़ा गोल खंभा है।

**6. कविता के आधार पर हरे चने का सौंदर्य अपने शब्दों में चित्रित कीजिए।**

**उत्तर-** हरा चना एक बीते का है। आज वह ऐसा दिखाई दे रहा है कि दूल्हे के रूप में सज कर खड़ा है। उसने अपने सिर पर गुलाबी फूलों की पगड़ी धारण कर रखी है।

**7. कवि ने प्रकृति का मानवीकरण कहाँ-कहाँ किया है ?**

**उत्तर-** इस कविता में कवि ने चने, सरसों, अलसी के पौधे, फागुन के मौसम, बगुला पक्षी, तालाब के जल और वनस्थली तथा सारस पक्षी के चित्रण में मानवीकरण अलंकार का प्रयोग किया है।

**8. कविता में से उन पंक्तियों को ढूँढिए जिनमें निम्नलिखित भाव व्यंजित हो रहा है-**

**"और चारों तरफ सुखी और उजाड़ जमीन है लेकिन वहाँ भी तोते का मधुर स्वर मन को स्पंदित कर रहा है।"**

**उत्तर-** बांझ भूमि पर
इधर-उधर रीवा के पेड़
कांटेदार कुरूप खड़े हैं
सुग्गे का स्वर
सुन पड़ता है
मीठा मीठा रस टपकाता
टें टें टें टें

## बहुविकल्पीय प्रश्न

**1. 'चंद्र गहना से लौटती बेर 'कविता के कवि कौन हैं?**

a. सुमित्रानंदन पंत  b. महादेवी वर्मा
c. केदारनाथ अग्रवाल  d. प्रेमचंद

**2. कवि कौन-सा स्थान देखकर आ रहे हैं?**

a. चंद्र गहना  b. बिहार
c. उत्तर प्रदेश  d. मध्य प्रदेश

**3. कवि कौन-से स्थान पर बैठे हैं?**